# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–02 मई 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए सभी प्राविधिक संस्थान एनबीए, एआईआरएफ और नैक मूल्यांकन के लिए आगे आएं। मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने प्राविधिक एवं व्यावसायिक शिक्षा में नवाचारों के समावेश एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत आठ वर्षों में तकनीकी शिक्षा को अधिक सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, नवाचारपरक एवं परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने अनेक ठोस पहलें की हैं, जिनके उत्साहवर्धक परिणाम सामने आए हैं। बैठक में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल तथा व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी मौजूद रहे।

**********

बाईसवीं अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयी खेलकूद महोत्सव अयोध्या के आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आज से शुरू हुआ। खेलकूद महोत्सव में चौबीस राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मशाल जला कर महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में खेलों का विशेष महत्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया की शुरूआत की, जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इससे उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिला। राज्यपाल ने कहा कि इंटर तक के स्कूलों में भी खेलकूद प्रतियोगिता कराने से हमारा देश सशक्त बनेगा और आगे बढ़ेगा।

**********

वेव्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक मीडिया संवाद आज सुबह मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में प्रारंभ हुआ। यह आयोजन वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

विदेश मंत्री डॉ सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी और परंपरा को मिलकर साथ–साथ चलना चाहिए। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि संस्कृति ही रचनात्मकता को प्रेरित करती है और यह सीमाओं के पार भी लोगों को जोड़ देती है।

कार्यक्रम के दौरान सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन तथा सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू भी उपस्थित रहे।

**********

प्रदेश सरकार ने समूह ग के लिए अनिवार्य प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा पीईटी की वैधता की अवधि को तीन वर्ष कर दिया है। इससे उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की इस परीक्षा को पास करने के बाद अब अभ्यर्थी तीन वर्ष तक समूह ग की भर्तियों के लिए आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले यह समय सीमा एक वर्ष की थी। इस संबंध में भेजे गये संशोधित शासनादेश के मुताबिक इसका लाभ वर्ष दो हजार पचीस में या उसके बाद आयोजित होने वाली पीईटी परीक्षा के अभ्यर्थियों को मिलेगा।

**********

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह सात बजे विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष पूजा–अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**आज प्रातः पूरे विधि विधान और मंत्रोच्चार के बीच केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कपाट खुलते ही केदार घाटी हर–हर महादेव और जय बाबा केदार के नारों से गूंज उठी। इस वर्ष यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मंदिर परिसर में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, आपदा राहत टीमें, चिकित्सीय स्टाफ और स्वच्छता कर्मियों की तैनाती की गई है ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। संतोष थपलियाल, आकाशवाणी समाचार, देहरादून।**

**********

प्रदेश के कई पश्चिमी जिलों में कुछ स्थानों पर आज गरज चमक के साथ बारिश हुई। कई जगहों से वज्रपात और ओले पड़ने की भी सूचना है। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज दिन में मौसम साफ रहा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश अमरोहा, सहारनपुर, हापुड़, इटावा, मैनपुरी, मेरठ, बदायूं, शामली और हमीरपुर में हल्की से लेकर तेज वर्षा हुई। इस दौरान इन जिलों में कई स्थानों पर तेज हवाएं भी चलीं। मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी दिनों में भी वर्षा की संभावना जताई है। एक रिपोर्ट

**मौसम विज्ञान विभाग ने संभावना जताई है कि आज और अगले दो दिनों तक प्रदेश में कई स्थानों पर गरज चमक के साथ वर्षा होगी और कुछ स्थानों पर बौछारें भी पड़ेंगी। इस दौरान पच्चीस से पैंतिस किलोमीटर प्रति घंटी की गति से तेज सतही हवाएं चलने की भी संभावना है। इस अवधि में कहीं कहीं वज्रपात और झोंकेदार हवाओं के चलने को लेकर भी चेतावनी दी गई है। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक।**

**********

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों के सर्वेक्षण की समय सीमा पंद्रह दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। प्रदेश में यह सर्वेक्षण तीस अप्रैल तक समाप्त होना था। योजना के तहत सर्वेक्षण का काम अब पंद्रह मई तक चलेगा।

**********